Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to establish an Akashwani Kendra in Jahanabad Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र का जहानाबाद शहर महान मगध संस्कृति और भाषा को समेटे हुए है । क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुझे गणमान्य लोगों द्वारा प्रारम्भ से ही जहानाबाद में आकाशवाणी के सम्पूर्ण केंद्र की स्थापना के लिए प्रयास करने का अनुरोध किया जाता रहा है । जहानाबाद से मगध क्षेत्र की लोक संस्कृति को परिलक्षित करने वाले कार्यक्रमों यथा लोकनाट्य, लोकगीत तथा लोक संगीत स्थानीय कृषि एंव व्यापार उद्योग से संबंधी विषयों का निर्माण एंव प्रसारण किया जाना अपेक्षित है । इससे क्षेत्र के कलाकारों तथा विशेषज्ञों को एक उचित मंच भी उपलब्ध हो सकेगा । मेरा माननीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री जी से अनुरोध है कि जहानाबाद में आकाशवाणी के सम्पूर्ण केंद्र की स्थापना के लिए आदेश देने की कृपा करें ।